कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के नेक कोऑर्डिनेटर डॉ एस पी एस राणा, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ लता कुमार, डॉ भारती शर्मा एवं डॉक्टर गौरी गोयल के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समारोह की मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह द्वारा सभी को अध्यक्षता सम्बोधन किया गया ।

(प्राचार्य)

(आयोजन समिति)

डॉ लता कुमार,
डॉ एस पी एस राणा
डॉ भारती शर्मा
डॉ गौरी

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ

## 07 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम


(दिनांक 16 मई 2023 से 22 मई 2023 तक)

**आख्या**

आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ (IQAC), शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधव पुरम मेरठ तथा शोभित विश्वविद्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय इंटीग्रेटेड फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 'उन्मेष' का शुभारंभ दिनांक 16 मई 2023 को महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह तथा मुख्य वक्ता प्रोफेसर अश्विनी गोयल सेवानिवृत् प्राचार्य एवं संयुक्त सचिव उच्च शिक्षा आयोग उत्तर प्रदेश के करकमलों से मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करके किया गया। डॉक्टर शालिनी वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत विभाग द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।


यह फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यम से हाइब्रिड मोड पर संचालित किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। एफडीपी की समन्वयक प्रोफेसर लता कुमार ने कार्यक्रम की विषय वस्तु तथा उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अग्रिम बधाइयां दी एवं उन्होंने कहा कि बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षकों को प्रशिक्षित करना एवं समसामयिक विषयों से परिचित कराना  वर्तमान समय की आवश्यकता है, यही इस फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य  है।




प्रथम दिन के उद्घाटन सत्र का विषय "एडमिनिस्ट्रेटिव मैनेजमेंट" (प्रशासनिक प्रबंधन) रहा। कार्यक्रम की आयोजन सचिव प्रोफ़ेसर गीता चौधरी ने उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अमर गर्ग, कुलपति शोभित विश्वविद्यालय मेरठ तथा मुख्य वक्ता प्रोफेसर अश्वनी गोयल का सूक्ष्म परिचय दिया । प्रोफेसर अमर गर्ग ने "शिक्षकों की व्यावसायिक नैतिकता एवं मूल्य" विषय पर विचार रखें उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में चाहे कितनी भी तकनीकीयां शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में शामिल हो जाए किंतु एक अच्छे शिक्षक का कोई विकल्प नहीं होता। गूगल, ज़ूम या अन्य किसी भी तकनीकी द्वारा दिए गए शिक्षण का प्रभाव छात्रों के मस्तिक पर उतना


अधिक स्थाई नहीं होता जितना कि शिक्षकों के व्यक्तित्व का पड़ता है। अतः एक शिक्षक ही सर्वोत्तम शिक्षण करा सकता है, जरूरत है तो आज के शिक्षकों को वर्तमान समय व आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को अपडेट करने की।






इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अश्वनी गोयल ने "प्रशासनिक प्रबंधन" विषय पर अपने विचार रखे उन्होंने कहा कि एक कुशल प्रशासक को मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त होना नितांत आवश्यक है। कुशल प्रशासक बनने के लिए " स्वॉक विश्लेषण" करना आवश्यक है अर्थात प्रत्येक व्यक्ति को अपनी खूबियों कमियां अवसर तथा चुनौतियां अवश्य पता होनी चाहिए। उन्होंने कहां की शिक्षकों को सेल्फ एनालिसिस करनी चाहिए तथा सेल्फ मोटिवेशन भी नितांत आवश्यक है जिससे छात्र भी प्रेरित हो सके।

दिनांक 17 मई 2023 फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "उन्मेष" के द्वितीय दिन, ऑनलाइन मोड में मुख्य वक्ता डॉ प्रीति गर्ग ने "डाटा इज द फाउंडेशन ऑफ ऑन व्हिच बिजनेस इस बिल्ट" शीर्षक पर अपना व्याख्यान दिया और डाटा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने प्रतिभागियों को शिक्षा के क्षेत्र में डाटा संकलन एवं उसका उपयोग किस प्रकार किया जा सकता हैं संबंधित तथ्यों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया।




दिनांक 18 मई 2023 को फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "उन्मेष" के तृतीय दिन का विषय "शिक्षण अधिगम में आईसीटी की उपयोगिता" रहा । ऑनलाइन मोड में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉक्टर सत्येंद्र पाल सिंह, भौतिक विज्ञान विभाग एसएसवी पीजी कॉलेज ने अपने व्याख्यान में प्रतिभागियों को समझाते हुए बताया कि


शिक्षण एवं अधिगम में आईसीटी का प्रयोग करके किस प्रकार इसे रुचिकर बनाया जा सकता है डॉ सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में किस प्रकार प्राध्यापक आईसीटी का प्रयोग करके छात्रों के मध्य शिक्षण एवं अधिगम के प्रति रोचकता एवं जागरूकता पैदा कर सकते हैं एवं आईसीटी के संबंध में समस्त प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी एवं उनका प्रयोग किस प्रकार किया जा सकता है इस पर प्रकाश डाला।




कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अमर गर्ग, कुलपति शोभित विश्वविद्यालय मेरठ ने "प्रोफेशनल एथिक्स एंड वैल्यू" विषय पर व्याख्यान में बताया कि शिक्षक की नैतिकता एवं मूल्य किस प्रकार शिक्षक की उत्तरोत्तर प्रगति में सहायक होते हैं तथा अपने नैतिकता नीतिशास्त्र एवं मूल्य के उच्च प्रबंधन द्वारा शिक्षक किस प्रकार अपने आप को एक आदर्श शिक्षक के रूप में स्थापित कर सकता है। सत्र के अंत में प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उदाहरण देकर उन्हें मार्गदर्शित किया।

दिनांक 19 मई 2023 को फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "उन्मेष" के चतुर्थ दिन व्याख्यान का विषय "शोध एवं प्रकाशन" रहा। ऑनलाइन मोड में मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर डॉ राजीव चौधरी, शारीरिक शिक्षा विभाग एवं डीन पंडित रविशंकर शुक्ला यूनिवर्सिटी रायपुर छत्तीसगढ़ ने "उच्च गुणवत्तायुक्त शोध पत्र कैसे लिखे" विषय पर पीपीटी के माध्यम से गहन चर्चा की। वर्तमान परिदृश्य में शोध पत्र की गुणवत्ता एवं अनुसन्धान नैतिकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने शोधपत्र के सभी आयामो की विस्तृत रूप से व्याख्या करते हुए प्रतिभागियों को लाभान्वित किया।

दिनांक 20 मई 2023 को फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "उन्मेष" के पांचवे दिन का विषय "रोल ऑफ टीचर्स इन इंप्लीमेंटेशन ऑफ एन ई पी" रहा जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर वीरपाल सिंह, भौतिक विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ ने अपने व्याख्यान में सर्वप्रथम देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को देश में एन ई पी 2020 लागू करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा एन ई पी को एक शैक्षिक क्रांति बताया। उन्होंने प्राध्यापकों को एन ई पी" के अनुपालन करने में, उनके उत्तरदायित्वों तथा योगदान के बारे में बताया तथा इसके मूलभूत सिद्धांत, स्रोत, बदलाव, सुझाव एवं इसमें आ रही बाधाओं के उन्मूलन के विषय में बताया।



दिनांक 21 मई 2023 को ऑनलाइन फ़ैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम "उन्मेष" के छठे दिवस पर मुख्य वक्ता डॉ. विकास कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य संकाय, शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ ने "वित्तीय प्रबंधन" विषय पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार से चर्चा की। चर्चा के मुख्य बिंदु संस्थाओं और कार्मिकों के लिए वित्तीय प्रबंधन, आय और व्यय खाता, कैश बुक, स्टॉक रजिस्टर, ऑडिट, जेम पोर्टल, सेवानिवृत्ति लाभ, पुरानी और नई पेंशन योजना, जीपीएफ, ग्रेच्युटी आदि रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में बल देकर कहा कि महाविद्यालय के प्रोफेसरों को भी वित्त का ज्ञान होना चाहिए ताकि उन्हें अपनी वित्तीय गतिविधियों के लिए दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े। "हैप्पी वर्किंग-वेल्थी रिटायरमेंट" के स्लोगन के साथ उन्होंने अपने वक्तव्य को पूरा किया।

दिनांक 22 मई 2023 को सात दिवसीय राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम "उन्मेष" का समापन समारोह आयोजित किया गया। एफ. डी. पी. का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. राजीव कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ-सहारनपुर मंडल और महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह की ऑनलाइन उपस्थिति में मुख्य वक्ता डा. अनीता मोराल और कार्यक्रम समन्वयक प्रो. लता कुमार द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्प एवम् माल्यार्पण करके किया गया। इसके पश्चात संगीत विभाग से डॉ शालिनी वर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। आयोजन सचिव प्रोफ़ेसर गीता चौधरी ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। रिपोर्ट समिति संयोजक डा. ज्योति चौधरी ने गत छह दिवसों की संयुक्त आख्या प्रस्तुत की। सप्तम दिवस की मुख्य वक्ता डा. अनीता मोराल, चिकित्सकीय मनोविज्ञानी व एसोसियेट प्रोफ़ेसर-मनोविज्ञान, मेरठ कॉलेज मेरठ ने विषय -"कार्यक्षेत्र में तनाव प्रबंधन" पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। डा. मोराल ने शिक्षकों को अपनी मनःस्थिति पर नियंत्रण रखने, तनाव से दूर सक्रिय कार्यों में संलग्न रहने, सकारात्मक सद्भाव पर कार्य करने का सुझाव दिया । डा. अनीता ने बताया कि अपने से प्यार करने का तात्पर्य स्वार्थी होना नहीं, वरन् अपनी कमियों और कमज़ोरियो को दूर करना है। डा. मोराल ने गतिविधि के द्वारा समस्याओं को दूर करने और तनाव से मुक्त होने का अभ्यास भी करवाया।



ऑनलाइन मोड में आभासी मंच से जुड़े मुख्य अतिथि प्रो. राजीव कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ-सहारनपुर मंडल ने एफ़डीपी को सार्थक पहल बताते हुए कहा कि शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु ऐसे आयोजन उपयोगी हैं। तनाव प्रबंधन विषय बहुत ही महत्त्वपूर्ण विषय है। कार्यक्षेत्र में तनाव दूर करने के प्रयास होने चाहिये। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह ने सभी दिवसों में जुड़े अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सात दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम 'उन्मेष' का आयोजन सफल रहा है। प्राचार्य ने उन्मेष के आयोजन हेतु आयोजक मंडल को बधाई दी। कार्यक्रम का सफल संचालन एफ़डीपी समन्वयक प्रो. लता कुमार द्वारा किया गया। सत्र के अंत में एफडीपी संयोजक प्रोफेसर अनीता गोस्वामी ने महाविद्यालय की प्राचार्य, मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता, प्रतिभागियों, महाविद्यालय परिवार एवं समस्त टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम के प्रत्येक दिवस पर सभी वक्ताओं का सूक्ष्म परिचय आयोजन सचिव डॉ गीता चौधरी द्वारा दिया गया । तकनीकी सहयोग डा. गौरव द्वारा दिया गया। हाइब्रिड मोड में दो घंटे से अधिक समय तक चले इस आयोजन का सीधा प्रसारण ज़ूम और यूट्यूब पर भी किया गया। आयोजन में महाविद्यालय प्राध्यापकों सहित यूट्यूब के माध्यम से 100 से अधिक शिक्षकों की प्रतिभागिता रही।




कुशल प्रशासक बनने के लिए स्वॉट विश्लेषण जरूरी : प्रो. अश्विनी




दैनिक जनहित दर्शन

राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने को बदलते परिवेश के आवश्यकतानुसार स्वयं को ढालें: डॉ. अंजू सिंह
















**रिपोर्टिंग समिति**

डॉ ज्योति चौधरी (संयोजक)

डॉ अमर ज्योति, डॉ आवेश कुमार, डॉ सुशील कुमार, डॉ शबीना परवीन डॉ मुनेश कुमार, डॉ ऋचा राणा

**समन्वयक** डॉ लता कुमार　　　**संयोजक** डॉ अनीता गोस्वामी　　　**आयोजन सचिव** डॉ गीता चौधरी

**प्राचार्य**

प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ

निशुल्क प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 26-08-2022

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधव पुरम मेरठ में आज आई.आई.सी. के तत्वाधान में एक एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह जी व मुख्य अतिथि स्माइल महिला महाविद्यालय मेरठ की पूर्व प्राचार्या डॉ. नीलिमा गुप्ता जी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर आई.आई.सी. के निदेशक डॉ. रविंद्र कुमार ने सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ कराने के लिए मुख्य अतिथि के रुप में आए डॉ. राकेश कुमार का स्वागत किया तथा उन्हें अतिथि व्याख्यान के लिए विधिवत रूप से आमंत्रित किया। डॉ. राकेश कुमार ने अपने व्याख्यान में छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि हम किस प्रकार एक नया उत्पाद बनाने के लिए एक व्यक्ति के पास कोई विचार हित है किंतु उसके पास निवेश करने के लिए पूंजी नही होती है तो वह किसी ऐसे व्यक्ति से सम्पर्क करता है जो उसके विचार या उत्पाद को मूल रूप में देखने के लिए प्रारम्भिक तौर पर निवेश करता है। जब उस उत्पाद का मूल रूप बनकर तैयार हो जाता है तो फिर उसको दीर्घकालीन पूंजी उपलब्ध कराते है।दीर्घकालीन पूंजी प्रदान करने के पश्चात ये व्यक्ति या संस्थाए हमेशा ये चाहते है कि जल्द से जल्द ये उत्पाद बाजार में अपनी पकड़ बनाये और बाजार में बूम आने के बाद अपना हिस्सा निकल लेते है और फिर नए किसी उत्पाद के लिए विनियोग करते है। छात्राओं ने दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना एवं व्याख्यान समाप्त होने के पास पश्चात अपने प्रश्न डॉ राकेश सर से किए जिसमें उन्होंने छात्राओं के प्रश्न का उत्तर देकर उन्हें भविष्य की योजनाओं के लिए समझाया। इस अवसर पर डॉ गीता चौधरी, डॉ मंजू रानी, डॉ पूनम भंडारी डॉ वैभव शर्मा, डॉक्टर आवेश कुमार, डॉक्टर लव कुमार , श्री कृष्ण पाल और आयशा उपस्थित रहे।

भवदीय

डॉ. रविन्द्र कुमार

आई.आई.सी. प्रेसिडेंट

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर,

महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ।

Seen

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ

निशुल्क प्रेस विज्ञप्ति

Seminar

दिनांक : 27-08-2022

आज दिनांक 27/08/2022 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ में इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन काउंसिल (आई.आई.सी.) के तत्वावधान में "फ्रॉम प्लांट्स टू मेडिसिन" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो (डॉ.) अंजू सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान विभाग ने पौधो की विभिन्न प्रजातियों से तैयार की जाने वाली दवाइयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही उन्होंने इस विषय को नवाचार एवं उद्यमिता से जोड़ते हुए कैरियर संबंधी विभिन्न क्षेत्र पर प्रकाश डाला। डॉ. गीता चौधरी ने बताया कि हम नवाचार एवं उधमिता के माध्यम से ही अपने देश को आत्मनिर्भर भारत बना सकते हैं। प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में आई.आई.सी. की स्थापना एवं निरंतर कार्यक्रमों से नवाचार संस्कृति विकसित हो रही है।आई.आई.सी. अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार ने प्राचार्य, मुख्य वक्ता डॉ. सुशील कुमार एवं उपस्थित छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम भंडारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश जैन, डॉ. अनुजा गर्ग, डॉ. आर. सी. सिंह, डॉ. राजकुमार, डॉ. शरद पवार, डॉ. नरेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित रहीं।

भवदीय

डॉ. रविन्द्र कुमार

आई.आई.सी. प्रेसिडेंट

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर,

महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ

Seen

(7)

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ

**निशुल्क प्रकाशनार्थ**

Celibration Day — "Enterpreneurs Day"

**दिनांक 29-08-2022**

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में इंस्टिट्यूट ऑफ इनोवेशन काउंसिल(आईआई सी) के तत्वावधान में "विश्व उद्यमिता दिवस" के अवसर पर आई आई सी के समन्वयक डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में दिनांक 21 अगस्त 2022 से दिनांक 27 अगस्त 2022 तक महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा उद्यमिता संबंधी विभिन्न आकर्षक तथा उपयोगी सामग्री का निर्माण किया गया । आईआईसी की सदस्य डॉ अमर ज्योति, विभाग प्रभारी बी एड द्वारा दिनांक 29 अगस्त 2022 को इन सभी निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। छात्राओं ने विभिन्न अनुपयोगी सामान से उपयोगी एवं सौंदर्य पूर्ण सामग्रियों का निर्माण किया महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर अंजू सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा छात्राओं के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में उद्यमिता के गुण भी जागरूक किए जाने आवश्यक हैं । यह भविष्य में जीविकोपार्जन में भी सहायक है तथा साथ ही अपने खाली समय का सदुपयोग कर व इस प्रकार की सामग्रियों का निर्माण करके अपने घर और आसपास के वातावरण को सुंदर और सुविधाजनक बनाया जा सकता है। प्रदर्शनी में सबसे आकर्षक एवं उपयोगी सामग्री का निर्माण करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में डॉ राधा रानी, विभाग प्रभारी संगीत विभाग तथा डॉ मनीषा भूषण, असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र रहीं। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान बीएड छात्रा नीति किरण, द्वितीय स्थान आकांक्षा कंबोज तथा तृतीय स्थान मानसी ने प्राप्त किया । साथ ही नेहा राणा तथा नेहा बरेदिया ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के आयोजन में आई आई सी की सह समन्वयक डॉ गीता चौधरी, एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र तथा डॉ पारुल मलिक, असिस्टेंट प्रोफेसर बी एड का विशेष सहयोग रहा। प्रदर्शनी का अवलोकन महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों द्वारा किया गया।

भवदीय

डॉ. रविंद्र कुमार

निदेशक (आई.आई.सी.)

(6)

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ

निशुल्क प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 30-08-2022

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के नवप्रवर्तन प्रकोष्ठ इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आई. आई. सी.) के अंतर्गत शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ द्वारा आज दिनांक 30-08-2022 को "सेमेस्टर ब्रेक: इंटर्नशिप एट स्टार्टअप" कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को आई. आई. सी. प्रेसिडेंट डॉ. रविंद्र कुमार एवं कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ. अनीता गोस्वामी के निर्देशन में "आयन" आई. एस. ए स्पोर्ट तारापुरी मेरठ में स्थित कंपनी में प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) हेतु ले जाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह ने छात्राओं को शुभकामनाएं देकर गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं स्टार्टअप में ही निहित है। एक सफल एंटरप्रेन्योर बनने के लिए मार्केट का ज्ञान होना तथा उत्पाद की मांग के अनुरूप सामान तैयार करना आवश्यक है। आई. आई. सी. प्रेजिडेंट डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा कि एक छोटा सा आईडिया या विचार भी इनोवेशन की अपार संभावनाएं लिए होता है। इसके लिए छात्राओं को समय-समय पर सफल उद्यमी व्याख्यान, उद्योगों की विजिट व इंटरनशिप जैसे कार्यक्रम कराना आवश्यक है। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ. अनीता गोस्वामी ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं में स्टार्टअप एंड इन्नोवेशन की संस्कृति विकसित करने के लिए छात्राओं को "आयान स्पोर्ट कंपनी मेरठ" में ले जाया गया , जहां छात्राओं ने जिम में प्रयोग होने वाली इलेक्ट्रिक मशीनों की मैन्युफैक्चरिंग का कार्य बारीकी से सीखा। कंपनी के मालिक मौ. इसरार जी ने कच्चे माल की उपलब्धता से लेकर तैयार माल को मार्केट तक पहुंचाने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया । छात्राओं ने भी उनके मन में उपजे इनोवेशन, स्टार्टअप के साथ पेटेंट कराने संबंधी प्रश्न करके उनका समाधान पाया। इंटर्नशिप कार्यक्रम में कु० अक्षरा, कनिष्का, अंजली, सोनी, प्राची, सुमैया, अनु ,काजल, मीनाक्षी, विनीता, इकरा, शिवानी, रिंकी, नेहा, मीनू, नूपुर, श्वेता, पलक, अंशु, तनु समेत बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग किया।।

भवदीय

डॉ. रविन्द्र कुमार

आई.आई.सी. प्रेसिडेंट

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर,

महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ।

Seen

(5)

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ

निशुल्क प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : ~~27~~ 31-08-2022

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के नवप्रवर्तन प्रकोष्ठ इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आई.आई.सी.) के अंतर्गत शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ द्वारा आज दिनांक 31-08-2022 इंस्टिट्यूट ऑफ इनोवेशन काउंसिल के तत्वाधान मे एक दिवसीय कार्यशाला "हाउ टू मेक कंपोस्ट फ्रॉम किचन वेस्ट " (रसोई के कचरे से जैविक खाद कैसे बना सकते है) के अंतर्गत छात्राओं को आई.आई.सी. इनोवेशन कोऑर्डिनेटर डॉ. कुमकुम के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह ने छात्राओं को जैविक खाद की उपयोगिता, एवं ऑर्गेनिक फार्मिंग द्वारा महाविद्यालय में औषधीय पौधे अधिक से अधिक लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं इसमें निहित है। आई.आई.सी. प्रेजिडेंट डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा कि कैसे हम जैविक खाद बना कर इसे अपना स्वरोजगार भी बना सकते हैं। एक छोटा सा आईडिया या विचार भी इनोवेशन की अपार संभावनाएं लिए होता है। इसके लिए छात्राओं को समय-समय पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक है। वर्कशॉप कोऑर्डिनेटर डॉ. कुमकुम ने महाविद्यालय की छात्राओं को रसोईघर के कचरे से कैसे जैविक खाद बना सकते है, उसका प्रशिक्षण दिया।कार्यशाला में डॉ. गौरी ने बताया कि जैविक खाद बनने की प्रक्रिया किस प्रकार होती है। डॉ. नरेंद्र कुमार ने भी जैविक खाद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इकोकलब की स्नातकोत्तर छात्राओं द्वारा महाविद्यालय में कंपोस्ट पीट द्वारा बनी जैविक खाद को पैक कर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ) अंजू सिंह एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश जैन तथा डॉ. रविन्द्र कुमार जी को भेट की कार्यशाला में डॉ. सुरेश जैन, डॉ सुधा रानी सिंह, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. वैभव शर्मा, डॉ. भावना, डॉ. अरविंद , डॉ. गौरव प्राध्यापकगणो के साथ विज्ञान, कला, वाणिज्य संकाय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

भवदीय

डॉ. रविन्द्र कुमार

आई.आई.सी. प्रेसिडेंट

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर,

महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ

Seen

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ

## महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ (IIC), 2022-23

## WORLD CREATIVITY AND INNOVATION DAY (21-04-2023)

प्रेस विज्ञप्ति / निशुल्क प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 21/04/2023 को महाविद्यालय में महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय रचनात्मकता व नवोन्मेष दिवस मनाया गया। प्रयोजन हेतु डॉ० आवेश कुमार विषयगत व्याख्यान हेतु उपस्थित रहे ,उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्राओं में रचनात्मकता व नवोन्मेष की भावना कैसे विकसित हो व इस ओर छात्राएं किस प्रकार प्रयासरत रह सकती हैं इस बात पर प्रकाश डाला। इस उपलक्ष में "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" नामक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कु० मनु, बी० कॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा प्रथम स्थान, कु० अपेक्षा, बी०ए० प्रथम सेमेस्टर द्वितीय व कु० गुंजन, बी० ए० प्रथम सेमेस्टर तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि रचनात्मकता किसी भी प्रकार की सीमा में नहीं बंध सकती व नवोन्मेष हर कोई कर सकता है। उन्होंने छात्राओं को नए, रचनात्मक विचारों के प्रति अभिप्रेरित करने की कोशिश की। प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रो० गीता चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय में प्रकोष्ठ के माध्यम से आगे भी इसी प्रकार की गतिविधियां आयोजित होती रहेगी। इस अवसर पर प्रो० अनीता गोस्वामी, डॉ० रिचा राणा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ० पूनम भंडारी ने किया।

21/04/2023

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम,मेरठ

महाविद्यालय **नवोन्मेष प्रकोष्ठ** (IIC)

अतिथि व्याख्यान

## "विश्व बौद्धिक संपदा दिवस"

प्रेस विज्ञप्ति / नि:शुल्कप्रकाशानार्थ

आज दिनांक 26 अप्रैल, 2023 को महाविद्यालय में महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ (IIC) के तत्वाधान में **"विश्व बौद्धिक संपदा दिवस"** मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. गीता चौधरी विषयगत व्याख्यान हेतु आमंत्रित रही। अपने व्याख्यान में उन्होंने उपस्थित छात्राओं को बौद्धिक संपदा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ उससे जुड़े अनेक तथ्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम अपने विचारों को विकसित कर उन्हें मूर्त रूप दे सकते हैं वस्वरोजगार की ओर उन्मुख हो सकते हैं। उनके निर्देशन में छात्राओं के द्वारा एक गतिविधि का मंचन किया गया,जिसमे छात्राओं ने पेटेंट के बारे में सभी को बताने का प्रयास किया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह ने समस्त को आयोजन की शुभकामनाएं दी और छात्राओं को वर्तमान समय में अध्ययन के साथ-साथ रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने की बात कही, उन्होंने कहा कि रचनात्मकता हमें किसी भी क्षेत्र में मिल सकती है, हमें मात्र जागरूक होने की आवश्यकता है। प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. पूनम भंडारी ने महाविद्यालय में नवोन्मेष प्रकोष्ठ की रूपरेखाव उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला व आगामी समय में प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अनुजा गर्ग, प्रो. मंजू रानी, प्रो. अनीता गोस्वामी, डॉ. कुमकुम व डॉ. वैभव शर्मा की उपस्थिति सराहनीय व भारी मात्रा में छात्राओं की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही।

अवलोकित।
26/04/2023

डॉ. पूनम भंडारी
संयोजक
महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ

# शहीद मगंल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# माधवपुरम, मेरठ

**प्रेस विज्ञप्ति (निशुल्क प्रकाशनार्थ)।**

**मेरठ-24-05-2023**

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ में इंस्टीट्यूट ऑफ़ इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में डिजिटल मार्केटिंग सेशन का आयोजन -

आज दिनांक 24 मई 2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ में इंस्टीट्यूट ऑफ़ इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में छात्राओं द्वारा डिजिटल मार्केटिंग पर पीपीटी प्रेजेंटेशन किया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ संयोजक डॉक्टर पूनम भंडारी ने सभी उपस्थित प्राध्यापकों व छात्राओं का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात कार्यक्रम कोर्डिनेटर डॉक्टर शाहिदा परवीन ने डिजिटल मार्केटिंग के संप्रत्यय पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समय में छात्राओं के लिए डिजिटल मार्केटिंग की उपादेयता की व्याख्या की। डिजिटल मार्केटिंग के अंतर्गत महाविद्यालय में अध्ययनरत एमए फ़र्स्ट ईयर फिजिकल एजुकेशन की छात्रा जुबेरिया द्वारा फ्रीलांसिंग एवं ग्राफ़िक डिजाइनिंग के बारे में पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा बताया गया। एमए फ़र्स्ट ईयर अर्थशास्त्र की छात्राओं कशिश एवं एवं शिवानी शर्मा द्वारा ऑनलाइन कोचिंग एवं हेल्थ वेलनेस के बारे में बताते हुए इनकम के स्रोत के रूप में भी स्पष्ट किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉक्टर अंजू सिंह ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके द्वारा किए गए डिजिटल माध्यम द्वारा इनकम के नवोन्मेषी प्रयास की प्रशंसा की और भविष्य में इसी प्रकार महाविद्यालय में अध्ययनरत रहते हुए आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।इस अवसर पर प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रो.डॉ. गीता चौधरी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो भारती दीक्षित प्रो सुरेश जैन प्रो मंजू रानी, प्रो.सुधा रानी,प्रो.अनीता गोस्वामी,प्रो.मोनिका चौधरी डॉक्टर भारती शर्मा डॉक्टर जितेंद्र बालियान डॉ आरसी सिंह,डॉ नीता सक्सेना,डॉ मुनेश कुमार डॉ ऋचा राणा, डॉ गौरव की उपस्थिति सराहनीय रही तथा भारी मात्रा में छात्राओं की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही।

डॉ० पूनम भण्डारी

संयोजक, IIC

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम, मेरठ

**प्रेस विज्ञप्ति/ निशुल्क प्रकाशनार्थ**

**दिनांक: 25 मई, 2023**

आज दिनांक 25 मई, 2023 को महाविद्यालय में महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं हेतु एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक रहा, **"How to plan for startup , legal and ethical steps"**. कार्यक्रम की समन्वयक महाविद्यालय प्राध्यापक प्रोफेसर मंजू रानी रही, अपने व्याख्यान में उन्होंने सारगर्भित रूप से छात्राओं को बताया कि हम किस प्रकार एक स्टार्टअप की शुरुआत कर सकते हैं और स्टार्टअप की शुरुआत हेतु हमें किन किन संवैधानिक और नैतिक नियमों का पालन करना आवश्यक होता है। कार्यक्रम में लगभग 60 छात्राएं उपस्थित रही । प्रो. मंजू ने छात्राओं को बताया की किस प्रकार हम खुद का स्टार्ट अप शुरू कर सकते है व कौन सी सरकारी संस्थाओं से हमे सहायता मिल सकती है उन्होंने यह भी बताया कि अपने स्टार्टअप की शुरुआत हेतु हमें किस प्रकार किन-किन संस्थाओं में पंजीकरण करवाना आवश्यक होता है व पंजीकरण हम किस प्रकार करवा सकते हैं तथा हमें कौन-कौन से विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होता है। अपने वक्तव्य में महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अंजू सिंह ने कहा की छात्राओं में नवोन्मेष की विचारधारा के उन्नयन हेतु महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ इस प्रकार के कार्यक्रम करवाता रहता है जो कि संस्था हित एवं छात्र हित में में बहुत ही अधिक लाभकारी है। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ के अन्य सदस्य व प्राध्यापक प्रो. भारती दीक्षित, अध्यक्ष, प्रोफेसर गीता चौधरी , प्रोफेसर अनीता गोस्वामी, प्रोफेसर मंजू रानी, डॉ० आवेश कुमार, डॉक्टर पूनम भंडारी ,डॉक्टर सुशील कुमार, डॉक्टर रिचा राणा, डॉक्टर शाहिदा प्रवीण की उपस्थिति सराहनीय रही।

**प्रो. मंजू रानी**
**अर्थशास्त्र विभाग**
**कार्यक्रम समन्वयक**

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम, मेरठ

## महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ

## Institute's innovation council

**सत्र : 2022- 23**

# वार्षिक आख्या

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम, कि प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान में नवोन्मेष प्रकोष्ठ की स्थापना हो, के अंतर्गत शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ में वर्ष 2021 से ही महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह जी के निर्देशन में महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ, (IIC) संचालित है। प्रकोष्ठ का उद्देश्य छात्राओं में नवाचार व नवोन्मेष की भावना को विकसित करना रहता है, जिससे कि महाविद्यालय में एक नवोन्मेषीय पर्यावरण का गठन हो सके। इसी प्रयोजन के दृष्टिगत सत्र भर प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

29 जनवरी, 2022 में एक अभिप्रेरणा सत्र में ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें वक्ता के रूप में महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा कु. शिवानी सिंह, निदेशक, "स्ट्रांग मूव्सइंडिया", महाविद्यालय में उपस्थित रहीं। उन्होंने वर्तमान में फिटनेस जैसे विषय को स्वरोजगार से जोड़ते हुए अति महत्वपूर्ण बताया। 30 जनवरी, 2022 को "प्रोडक्ट फिट: मार्केटफिट" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया,

कुमार ने अपना व्याख्यान दिया। दिनांक 28 मई, 2022 को बिजनेस मॉडल कैनवस विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.मंजू रानी , अर्थशास्त्र विभाग से महाविद्यालय में उपस्थित रहे, उन्होंने बिजनेस मॉडल के बारे में विभिन्न जानकारियां जैसे कि यह क्या होता है, कितने प्रकार का होता है व इसके क्या तत्व होते हैं,व नया बिजनेस शुरू करते समय हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इत्यादि विषयों पर अहम जानकारियां छात्राओं को दी। दिनांक 30 मई, 2022 को छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल/ प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी रूचि के अनुसार अलग-अलग प्रकार के मॉडल बनाए और उन्हें प्रदर्शित किया । दिनांक 25 अगस्त, 2022 को डॉ. राकेश कुमार, वाणिज्य विभाग के द्वारा" लीन स्टार्टअप एंड मिनिमम बाइबल प्रोडक्ट" बिजनेस बूटकैंप, विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम कम लागत से नया उत्पाद तैयार कर सकते हैं व उसमें समय-समय पर परिवर्तन कर उसे किस प्रकार एक उत्तम उत्पाद के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं।दिनांक 27 अगस्त, 2022 को "फ्रॉम प्लांट्स टू मेडिसिन" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुशील कुमार, महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ. सुशील कुमार उपस्थित रहे ।उन्होंने औषधीय पौधों को नवाचार एवं उद्यमिता से जोड़ते हुए कैरियर संबंधी विभिन्न क्षेत्रों पर प्रकाश डाला।दिनांक 29 अगस्त, 2022 को **विश्व उद्यमिता दिवस** के अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा उद्यमिता संबंधी विभिन्न आवश्यक, उपयोगी सामग्रियों का निर्माण कर उसकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 30 अगस्त, 2022 को इंटर्नशिप एंड स्टार्टअप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण करवाया गया जहां उन्होंने स्वरोजगार की अपार संभावनाएं को समझा व इस विषय पर काफी जानकारियां प्राप्त की।03 नवम्बर, 2022 को प्रकोष्ठ द्वारा एंटरप्रेन्योरशिप **एंड इन्नोवेशन एंड कैरियर**

**संभावनाएं**विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय प्राध्यापक प्रो. मंजू रानी उपस्थित रहे, उन्होंने उद्यमीबनने व इनोवेशन के द्वारा कैरियर बनाने से संबंधित जानकारी प्रदान की, वसाथ ही रोजगार की संभावनाओं के बारे में भी प्रकाश डाला। दिनांक 9 नवंबर, 2022 को "माय स्टोरी: मोटिवेशनल सेशन बाय सक्सेसफुल एंटरप्रेन्योर" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में श्रीमती दीक्षा सहगल, डीके स्पोर्ट्सकंपनी, परतापुर, मेरठ महाविद्यालय में आमंत्रित रही। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि हम एक सफल उद्यमी बनने के लिए अपने जीवन में कुछ निश्चित उद्देश्य अपनाने चाहिए, जिन्हें स्थापित करने के लिए ऐसी प्रयास करते हुए कड़ी मेहनत व ईमानदार रहकर हम प्रयास शुरू कर सकते हैं। 11 नवंबर, 2022 को **राष्ट्रीय शिक्षा दिवस** के उपलक्ष में प्रकोष्ठ के तत्वाधान में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय "**मौलाना अबुल कलाम आजाद जी के शैक्षिक विचारों की वर्तमान शिक्षा में** प्रासंगिकता"रहा। 19 नवंबर, 2022 को "**प्रॉब्लम सॉल्विंग एंड आईडिएशंस**"विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. गीता चौधरी, समाजशास्त्र विभाग ने विभिन्न आयामों, समस्या पहचान एवं समाधान हेतु प्रयोग की जाने तकनीकों जैसे: ब्रेनस्टॉर्मिंग, वर्न आइडिया, ब्रेन राइटिंग के बारे में विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी। 26 नवंबर, 2022 को "**इंटर इंस्टीट्यूशनल कंपटीशन एंड बेस्ट** आईडियाज" प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाजिसमेंडॉ. आवेश कुमार ने छात्राओं को नवसृजन आइडिया के संबंध में बताया तत्पश्चात छात्राओं द्वारा नए उद्योगों, वृक्षारोपण ,स्वच्छता, चिकित्सा, सामाजिक समस्याओं से संबंधित विचारों को व्यक्त किया गया। दिनांक 14 दिसंबर, 2022 को **राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस** के उपलक्ष में महाविद्यालय स्तरीय पोस्टर निर्माण

प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

इस प्रकार सत्र भर प्राचार्य महोदय प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह व महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के निर्देशन व संरक्षण में प्रकोष्ठ नवोन्मेष गतिविधियों में संलिप्त रहा है व भविष्य में भी इसी प्रकार उद्योग करने हेतु कृत संकल्पित है।

**शुभेच्छा सहित**

**डॉ. पूनम भंडारी**
**संयोजक**
**महाविद्यालय नवोन्मेष प्रकोष्ठ**

Seen

# विशेषज्ञ सत्र (ऑनलाइन)

| समय 12:00 से 2:00 बजे | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यक्रम अध्यक्ष | प्रो॰ रश्मि जैन |
| 2. | मुख्य वक्ता | प्रो॰ आभा चौहान |
| 3. | विशिष्ट वक्ता | प्रो॰ मीनाक्षी स्वामी<br>डॉ॰ जसलीन केवलानी<br>डॉ॰ सुचित्रा शर्मा |
| 4. | संयोजन व संचालन | प्रो॰ लता कुमार |
| 5. | सह संयोजन | प्रो॰ अनीता गोस्वामी |
| 6. | धन्यवाद ज्ञापन | डॉ॰ अमर ज्योति |
| 7. | रिपोर्टिंग | डॉ॰ पारुल मलिक |
| 8. | तकनीकी संचालन | डॉ॰ वैभव शर्मा<br>डॉ राजकुमार सिंह |

## समापन सत्र (ऑनलाइन)

**समय 04:00 से 6:00 बजे**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यक्रम अध्यक्ष | प्रो॰ अंजू सिंह, प्राचार्य |
| 2. | मुख्य अतिथि | प्रो॰ शीला टावरी |
| 3. | मुख्य वक्ता | प्रो॰ राजेश मिश्रा |
| 4. | गेस्ट ऑफ ऑनर | प्रो॰ राजीव कुमार गुप्ता |
| 5. | संयोजन व संचालन | प्रो॰ लता कुमार |
| 6. | आख्या वाचन | प्रो॰ अनीता गोस्वामी |
| 7. | धन्यवाद ज्ञापन | प्रो॰ स्वर्णलता कदम |
| 8. | रिपोर्टिंग | डॉ॰ पूनम भण्डारी |
| 9. | तकनीकी संचालन | डॉ॰ वैभव शर्मा<br>डॉ राजकुमार सिंह |

# उद्घाटन ऑफलाइन

| समय 10:00- 12:00 बजे | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यक्रम अध्यक्ष | प्रो. अंजू सिंह,प्राचार्य |
| 2. | मुख्य अतिथि | श्रीमती राखी त्यागी |
| 3. | मुख्य वक्ता | प्रो. वाई विमला |
| 4. | संयोजक | प्रो. लता कुमार |
| 5. | आयोजन व संचालन | प्रो अनीता गोस्वामी |
| 6. | धन्यवाद ज्ञापन | डॉ आर सी सिंह |
| 7. | तकनीकी संचालन | डॉ भारती शर्मा<br>डॉ गौरी |
| 8. | रिपोर्टिंग | डॉ॰ शबीना परवीन |

# तकनीकी सत्र I , II (ऑफलाइन)

| समय 12:00 से 2:00 बजे | | |
|---|---|---|
| 1. | संयोजन | प्रो. सुधा रानी सिंह |
| 2. | सह-संयोजन | प्रो. मंजू रानी (अर्थशास्त्र) |
| 3. | अध्यक्षता | प्रो. भारती दीक्षित |
| 4. | विशिष्ट वक्ता | डॉ सोनम<br>(राजकीय महावि॰ बादलपुर) |
| 5। | तकनीकी संचालन | डॉ भारती शर्मा<br>डॉ गौरी |
| 6. | प्रतिभागी | शोध छात्र, छात्राए व<br>ऑफलाइन प्रतिभागी |
| 7. | रिपोर्टिंग | डॉ मुनेश कुमार |

# तकनीकी सत्र III , IV

## ऑनलाइन

| समय 02:00 से 4:00 बजे | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यक्रम अध्यक्ष | प्रो. के॰ के ॰ शर्मा |
| 2. | मुख्य वक्ता | डॉ॰ शल्या राज |
| 3. | विशिष्ट वक्ता | सुश्री कानिष्का सिंह |
| 4. | सत्र संयोजन | प्रो. गीता चौधरी |
| 5. | सह संयोजन | डॉ भारती शर्मा |
| 6. | धन्यवाद ज्ञापन | डॉ गौरी |
| 8. | रिपोर्टिंग | डॉ॰ शबीना परवीन |
| | तकनीकी संचालन | डॉ॰ वैभव शर्मा<br>डॉ राजकुमार सिंह |

Back PAGE 13 Dainik bhaskar...

एवं प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया



भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद प्रज्ञा प्रवाह मेरठ प्रांत व कमला देवी विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर ब्रह्मदेव तथा संरक्षक प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह, संयोजक प्रोफेसर लता कुमार, आयोजन सचिव प्रोफेसर अनीता गोस्वामी रहें। यह राष्ट्रीय सेमिनार ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यम से हाइब्रिड मोड पर संचालित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्या राखी त्याग रहीं। संचालन प्रोफेसर अनीता गोस्वामी द्वारा किया गया। रिपोर्टिंग डॉक्टर शबीना परवीन द्वारा की गई।

वंचितों लोगों को दिलायी आजाद समाज पार्टी की सदस्यता

विचार प्रस्तुत किए। शुभम मौजूद रहे।

वीके अग्रवाल रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. संजय कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. नीरज सिंघल रहे। चीफ वार्डन प्रो. रूपनारायण ने धन्यवाद ज्ञापित किया। ब्यूरो

# आज की नारी वर्तमान की दुर्गा : प्रो. अंजू

## शहीद मंगल पांडे कॉलेज में महिला सशक्तीकरण पर सेमिनार का आयोजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**



शहीद मंगल पांडे कालेज में कार्यक्रम में बोलतीं प्रो. वाई विमला। अमर उजाला

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भारतीय प्रज्ञान परिषद प्रज्ञा प्रवाह व कमला देवी विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय महिला सशक्तीकरण आजादी से अब तक रहा।

प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने कहा कि आज की नारी वर्तमान की दुर्गा मां है, जो हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य कर प्रतिमान स्थापित कर रही है। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य राखी त्यागी ने महिलाओं की व्यक्तिगत समस्या समर्थन व सशक्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता सीसीएसयू की वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. वाई विमला ने कहा कि महिला शक्ति तब है जब हमारे निर्णय को सम्मान मिले। लैंगिक भेद के कारण हमें भिंन्न न माना जाए, महिला में अलग से सशक्तीकरण की आवश्यकता नहीं होती जब तक वह स्वयं को कम न मान लें।

सुभारती विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रो. डॉ. मनीषा त्यागी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बेटों को संस्कारी बनाने का संदेश दिया। राजकीय महाविद्यालय बादलपुर से डॉ. सोनम राजकीय ने महिला सशक्तीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में आजादी से अब तक किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। अध्यक्षता यूजीसी सेंटर जयपुर की निदेशक प्रो. रश्मि जैन ने की। मुख्य वक्ता अध्यक्ष इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी की अध्यक्ष प्रो. आभा चौहान ने महिला सशक्तीकरण के बहु आयामी पक्षों पर प्रकाश डाला। संचालन प्रो. लता कुमार ने किया। डॉ. अमर ज्योति ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

तृतीय व चतुर्थ सत्र में सीसीएसयू के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. केके शर्मा ने भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला।

सुभारती ग्रुप की सीईओ डॉ. शल्या राज ने देश के विभिन्न आंदोलनों में महिलाओं की भूमिका व उनके सम्मान की बात कही। पूर्ण पोषणम की सीईओ कनिष्का सिंह, मुख्य अतिथि प्रो. शीला टावरी, मुख्य वक्ता लखनऊ विवि के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश मिश्रा, गेस्ट ऑफ ऑनर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सहारनपुर से प्रो. राजीव कुमार गुप्ता ने विचार रखे।

मुख्य संरक्षक उच्च शिक्षा प्रयागराज के निदेशक प्रो. ब्रह्मदेव, विशिष्ट वक्ता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय इंदौर से प्रो. मीनाक्षी स्वामी, ड. सुचित्रा शर्मा, सचिव प्रो. अनीता गोस्वामी, डॉ. आरसी सिंह, प्रो. अनीता गोस्वामी मौजूद रहे।

# डीएन के 238 छात्रों का प्लेसमेंट

# श॰ म॰पा॰ राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविधालय, मेरठ

## आख्या: स्वयं (SWAYAM) पोर्टल जागरुकता कार्यशाला
## (यू॰जी॰सी॰ एवं शोध समिति)

आज दिनांक 19/04/2023 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में यू जी सी एवम शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "स्वयं पोर्टल जागरूकता" विषय पर आयोजित की जा रही त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ गौरी, असिस्टेंट प्रोफेसर , गृहविज्ञान विभाग ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवम उपयोगिता इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की । कार्यशाला में स्नातक एवम स्नातकोत्तर की 51छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यकम का आयोजन यू जी सी एवम शोध समिति की प्रभारी डा गीता चौधरी एवम आर सी सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में डा लता कुमार, आई क्यू ए सी प्रभारी, डा अनुजा गर्ग, कला संकाय प्रभारी, डा मोनिका चौधरी, डा अनीता गोस्वामी, डॉ भारती शर्मा उपस्थित रहे।







प्रतिहस्ताक्षरित
प्राचार्य

समन्वयक
प्रो॰ गीता चौधरी



## कार्यशाला समाचारों में

**छात्राओं को दी स्वयं पोर्टल, पंजीकरण, मूल्यांकन की जानकारी**

भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में यूजीसी एवं शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्वयं पोर्टल जागरूकता विषय पर आयोजित की जा रही त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह की अध्यक्षता मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गौरी ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवं उपयोगिता इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला मे स्नातक एवं स्नातकोत्तर की 51 छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

**स्वयं पोर्टल जागरूकता विषय पर हुई त्रिदिवसीय कार्यशाला**

भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में स्वयं पोर्टल जागरूकता विषय पर एक त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में 80, द्वितीय सत्र में 51 एवं तृतीय सत्र में 62 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यकम का आयोजन यूजीसी एवं शोध समिति की प्रभारी डा. गीता चौधरी, डा. आरसी सिंह के निर्देशन में किया गया।

दैनिक भास्कर | 11

INTELLECTUAL PROPERTY INDIA
PATENTS | DESIGNS | TRADE MARKS
GEOGRAPHICAL INDICATIONS

सत्यमेव जयते

NIPAM
NATIONAL IP AWARENESS MISSION

**Government of India**
**Ministry of Commerce and Industry**
**Department for Promotion of Industry and Internal Trade**
**Office of the Controller General of Patents, Designs and Trade Marks**

# CERTIFICATE OF APPRECIATION

***Presented to***

## S.M.P. GOVERNMENT GIRLS PG COLLEGE, MEERUT

*In recognition of active participation in the **National Intellectual Property Awareness Mission (NIPAM)** launched by the Government of India on the occasion of the 75th anniversary of independence under the banner "Azadi Ka Amrit Mahotsav" to create widespread awareness on Intellectual Property Rights (IPR). The exceptional contribution in successfully organizing the awareness programme on **June 02, 2023** in association with **Intellectual Property Office, Delhi** by providing your valuable time and support is highly appreciated.*

*Solicit your continued support for outreach of IPR far and wide.*

**Date: June 04, 2023**

(Prof. (Dr) Unnat P. Pandit)
CONTROLLER GENERAL OF
PATENTS, DESIGNS & TRADE MARKS